भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4120 का उत्तर

वंदे भारत एक्सप्रेस/अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां

4120. श्रीमती शांभवी:
डॉ. लता वानखेड़े:
श्री राजेश वर्मा:
डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:
श्री अरुण भारती:
श्री अतुल गर्ग:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025-2026 के दौरान बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश से शुरू होने वाली या वहां से गुजरने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां की कुल संख्या कितनी है और इन्हें कब परिचालन में लाया गया है;

(ख) पिछले एक वर्ष के दौरान बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इन प्रीमियम ट्रेन सेवाओं द्वारा तय किए गए विशिष्ट मार्गों (रूटों), उनकी औसत दैनिक अधिभोग दर (ऑक्यूपेंसी रेट) और उनसे उत्पन्न कुल राजस्व का ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इन उन्नत रेलगाड़ियां सेटों की सर्विसिंग के लिए रखरखाव डिपो और पिट लाइनों के उन्नयन (अपग्रेडेशन) पर किए गए केंद्रीय वित्तीय व्यय का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में वंदे भारत रेलगाड़ियां की समयबद्धता और सुरक्षा को प्रभावित करने वाली पथराव की घटनाओं या मवेशियों के कुचले जाने (कैटल रन-ओवर) की रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में रेलवे पटरियों के संवेदनशील खंडों में भौतिक सुरक्षा और ट्रैक फेंसिंग के लिए लागू किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ) चूंकि रेलवे का नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है इसलिए रेलगाड़ियों को ऐसी सीमाओं की नेटवर्क आवश्यकता के अनुसार शुरू किया जाता है। बहरहाल,

भारतीय रेल का ध्यान समाज के सभी वर्गों को किफायती, अच्छी गुणवत्तापरक सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। भारतीय रेल ने यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा विशेषताओं और यात्री सुविधाओं वाली स्वदेशी रूप से डिजाइन और विनिर्मित वंदे भारत रेलगाड़ियां (कुर्सी यान और शयनयान) और अमृत भारत रेलगाड़ियां शुरू की है।

वंदे भारत सेवाएँ (कुर्सी यान):

वंदे भारत कुर्सी यान गाड़ी सेवाओं में निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- झटका मुक्त सेमी परमामेंट कपलर।
- कवच से सुसज्जित।
- केंद्रीकृत रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे।
- सभी सवारी डिब्बों में आपातकालीन अलार्म पुश बटन और टॉक बैक यूनिट्स।
- बेहतर अग्नि संरक्षा-विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।
- 180/160 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।
- वॉइस रिकॉर्डिंग सुविधा और क्रैश हार्डन्ड मेमोरी के साथ चालक-गार्ड संप्रेषण।
- यात्री क्षेत्र के भीतर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली मुहैया कराई गई है।
- बेहतर एवं आरामदायक यात्रा।
- सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।
- दूरस्थ निगरानी के लिए कोच कंडीशन निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस)।

वर्ष 2025-2026 के दौरान, भारतीय रेल नेटवर्क में 15 जोड़ी वंदे भारत (कुर्सी यान) एक्सप्रेस गाड़ियां शुरू की गई थी, 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 81 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएँ परिचालित की जा रही है, जो निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1.	22435/22436 वाराणसी- नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
2.	22439/22440 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
3.	20901/20902 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस

4.	22447/22448 नई दिल्ली-अंब अंदौरा वंदे भारत एक्सप्रेस
5.	20607/20608 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल-मैसूरु वंदे भारत एक्सप्रेस
6.	20825/20826 बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7.	22301/22302 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
8.	20833/20834 विशाखपट्टणम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
9.	22223/22224 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-साईनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस
10.	22225/22226 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)- सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
11.	20171/20172 रानी कमलापति-निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
12.	20701/20702 सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस
13.	20643/20644 चेन्नै-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस
14.	20977/20978 अजमेर-चंडीगढ़ वंदे भारत एक्सप्रेस
15.	20633/20634 कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस
16.	22895/22896 हावड़ा-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
17.	22457/22458 आनंद विहार-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस
18.	22227/22228 न्यू जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी वंदे भारत एक्सप्रेस
19.	20911/20912 इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
20.	22229/22230 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
21.	22349/22350 पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
22.	20661/20662 बेंगलुरू-धारवाड़ वंदे भारत एक्सप्रेस
23.	20173/20174 रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस
24.	22549/22550 गोरखपुर - प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस
25.	12461/12462 जोधपुर-साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस
26.	22925/22926 अहमदाबाद-ओखा वंदे भारत एक्सप्रेस

27.	20665/20666 चेन्नै एग्मोर-तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस
28.	20677/20678 चेन्नै-नारसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
29.	20703/20704 काचीगुडा-यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
30.	20631/20632 मंगलुरु-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस
31.	26963/26964 उदयपुर-असरवा वंदे भारत एक्सप्रेस
32.	22347/22348 हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
33.	20835/20836 राउरकेला-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
34.	20897/20898 हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
35.	22415/22416 वाराणसी- नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
36.	20641/20642 बेंगलुरु कैंट-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस
37.	20645/20646 मडगांव-मंगलूरु वंदे भारत एक्सप्रेस
38.	20705/20706 नांदेड़-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
39.	22477/22478 नई दिल्ली- श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
40.	22425/22426 अयोध्या कैंट- आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस
41.	22487/22488 दिल्ली-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस
42.	22962/22961 मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
43.	20707/20708 सिकंदराबाद-विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
44.	20663/20664 मैसूरु-चेन्नै वंदे भारत एक्सप्रेस
45.	22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
46.	22470/22469 खजुराहो-निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
47.	22231/22232 कलबुर्गी-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
48.	20841/20842 भुवनेश्वर- विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
49.	22345/22346 पटना-गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

50.	20887/20888 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
51.	22545/22546 लखनऊ- देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस
52.	22490/22489 वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
53.	20627/20628 चेन्नै एग्मोर- नागरकोविल वंदे भारत एक्सप्रेस
54.	20671/20672 मदुरै-बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
55.	22500/22499 देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
56.	22309/22310 हावड़ा-जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
57.	20871/20872 हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
58.	20893/20894 टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
59.	20892/20891 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
60.	22303/22304 हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस
61.	20669/20670 हुब्बल्लि-पुणे जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
62.	20673/20674 छत्रपति शाहू महाराज (टी) कोल्हापूर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस
63.	20101/20102 सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
64.	20829/20830 दुर्ग-विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
65.	21893/21894 टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
66.	21895/21896 टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
67.	20176/20175 बनारस-आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
68.	26901/26902 साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस
69.	26401/26402 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
70.	26403/26404 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
71.	26502/26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
72.	26751/26752 बेलगावी-केएसआर बेंगलुरुवंदे भारत एक्सप्रेस

73.	26406/26405 अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस
74.	26101/26102 पुणे - अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस
75.	26302/26301 जोगबनी - दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
76.	26481/26482 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
77.	26471/26472 बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
78.	26462/26461 दिल्ली - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
79.	26651/26652 केएसआर बेंगलुरु-एरणाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस
80.	26506/26505 खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस
81.	26504/26503 सहारनपुर - गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत सेवाएँ (शयनयान गाड़ियां):

लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के शयनयान वेरिएंट को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। इनका उद्देश्य यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना और सुरक्षित तथा आरामदायक यात्रा की दृष्टि से नए मानक स्थापित करना है। ऐसी दो रेलगाड़ियों का विनिर्माण पहले ही किया जा चुका है। व्यापक परीक्षण के बाद, इन गाड़ियों को भारतीय रेल पर शुरू किया गया है। पहली वंदे भारत शयनयान सेवा अर्थात 27575/27576 हावड़ा - कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ने 22.01.2026 से नियमित परिचालन शुरू कर दिया है।

इन गाड़ी जोड़ियों (ट्रेन सेटों) में उन्नत संरक्षा विशेषताओं और यात्री सुविधाओं वाले आधुनिक सवारी डिब्बे लगाए गए हैं:

- **झटका मुक्त सेमी परमानेंट कपलर और एंटी क्लाइम्बर्स।**
- **कवच से सुसज्जित।**
- **180/160 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्च त्वरण।**
- **ईएन मानकों के अनुरूप कार बॉडी का क्रैशवर्थी डिजाइन।**
- **अग्नि संरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे के अंत में अग्नि अवरोधक दरवाजे।**
- **विद्युत कैबिनेट और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन एवं शमन प्रणाली।**
- **ऊर्जा दक्षता के लिए पुनरुत्पादक ब्रेकिंग प्रणाली।**

- **यात्री क्षेत्र के भीतर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली मुहैया कराई गई है।**
- **केंद्रीकृत रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे।**
- **सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे।**
- **आपातकालीन स्थिति में यात्री और गाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।**
- **दिव्यांगजन यात्रियों के लिए प्रत्येक छोर पर ड्राइविंग कोच में विशेष शौचालय।**
- **यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश व्यवस्था आदि की स्थिति पर निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।**
- **ऊपरी बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीढ़ी।**

03.08.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 01 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ी (शयनयान कुर्सी) परिचालित की जा रही हैं:-

क्र.सं.	**रेलगाड़ी सं. और नाम**
1	**27575/27576 हावड़ा - कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस**

अमृत भारत सेवाएं:

निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को किफायती यातायात साधन उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रेल ने अमृत भारत सेवाएँ प्रारम्भ की हैं, जो पूर्णतः अवातानुकूलित आधुनिक रेलगाड़ियां हैं। वर्तमान में, अमृत भारत में 11 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बे, 8 शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बे, 1 रसोई-यान और 2 सामान सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बे हैं।

उच्च गति और उन्नत संरक्षा मानक इन रेलगाड़ियों की पहचान हैं, जिनमें निम्नलिखित उन्नत विशेषताएं और सुविधाएं हैं:

- **वंदे भारत स्लीपर के समान उन्नत रूप और अनुभूति वाली सीट और बर्थ की बेहतर साज-सज्जा।**
- **झटका मुक्त सेमी-ऑटोमेटिक कपलर्स।**
- **क्रैश ट्यूब के प्रावधान से सवारी डिब्बों में बेहतर क्रैशवर्दीनैस।**
- **सभी सवारी डिब्बों और सामान कक्ष में सीसीटीवी प्रणाली का प्रावधान।**

- शौचालयों का बेहतर डिज़ाइन।
- बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए सीढ़ी का बेहतर डिज़ाइन।
- बेहतर एलईडी लाइट फिटिंग और चार्जिंग सॉकेट।
- ईपी सहायता प्राप्त ब्रेकिंग प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों और इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल्स में एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली।
- यूएसबी टाइप-ए और टाइप-सी मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।
- यात्री और गार्ड/रेलगाड़ी प्रबंधक के बीच पारस्परिक संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉकबैक प्रणाली।
- उन्नत तापन क्षमता वाला अवातानुकूलित रसोई-यान।
- आसानी से जोड़ने और अलग करने के लिए त्वरित मोचन प्रणाली वाले पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे।

वर्ष 2025-2026 के दौरान, भारतीय रेल नेटवर्क पर 28 जोड़ी अमृत भारत रेलगाड़ियां शुरू की गई थी, 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 36 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियां परिचालित की जा रही हैं:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	11015/11016 लोकमान्य तिलक (टी) - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
2	13697/13698 गया - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
3	15293/15294 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
4	15557/15558 दरभंगा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
5	15561/15562 दरभंगा - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6	15567/15568 बापूधाम मोतिहारी - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
7	22361/22362 राजेंद्रनगर (टी) - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8	13433/13434 एसएमवीटी बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
9	13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
10	15133/15134 छपरा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
11	14047/14048 सीतामढ़ी - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
12	14627/14628 सहरसा - छैहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस
13	19623/19624 मदार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
14	16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस

15	19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस
16	15671/15672 कामाख्या - रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस
17	20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस
18	16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
19	11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
20	16107/16108 ताम्बरम - सांतरागाछि अमृत भारत एक्सप्रेस
21	13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
22	22587/22588 सियालदह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस
23	20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस
24	15949/15950 डिब्रूगढ़ - गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
25	16121/16122 ताम्बरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस
26	16329/16330 नागरकोविल - मंगलूरू अमृत भारत एक्सप्रेस
27	17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस
28	16619/16620 पोत्तनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस
29	16357/16358 नागरकोविल- चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
30	15673/15674 चर्लपल्ली - कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस
31	17065/17066 चर्लपल्ली - शालीमार अमृत भारत एक्सप्रेस
32	22589/22590 बनारस - हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस
33	22111/22112 लोकमान्य तिलक (टी) - अयोध्या अमृत भारत एक्सप्रेस
34	14663/14664 अमृतसर - न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस
35	19725/19726 खातीपुरा - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
36	11431/11432 पुणे - दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस

बिहार:

वर्तमान में, 14 जोड़ी वंदे भारत सेवाएँ और 25 जोड़ी अमृत भारत सेवाएँ बिहार राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकता को पूरा कर रही हैं। ये सेवाएँ निम्नानुसार है:-

बिहार को सेवित कर रही वंदे भारत रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20887/20888 रांची - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

2	20893/20894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
3	21893/21894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
4	21895/21896 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
5	22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
6	22301/22302 हावड़ा - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22303/22304 हावड़ा - गया वंदे भारत एक्सप्रेस
8	22309/22310 हावड़ा - जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22345/22346 पटना - गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22347/22348 हावड़ा - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
11	22349/22350 पटना - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
12	22499/22500 देवघर - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
13	26301/26302 जोगबनी - दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
14	26501/26502 पाटलिपुत्र - गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

बिहार को सेवित कर रही अमृत भारत रेलगाड़ियां:-

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	11015/11016 लोकमान्य तिलक (टी) - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
2	11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
3	11431/11432 पुणे - दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस
4	13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
5	13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6	13697/13698 गया - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
7	14047/14048 सीतामढ़ी - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8	14627/14628 सहरसा - छेहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस
9	14663/14664 न्यू जलपाईगुड़ी - अमृतसर अमृत भारत एक्सप्रेस
10	15133/15134 छपरा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस

11	15293/15294 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
12	15557/15558 दरभंगा - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
13	15561/15562 दरभंगा - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
14	15567/15568 बापूधाम मोतिहारी - आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
15	15671/15672 कामाख्या - रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस
16	15673/15674 चर्लपल्ली - कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस
17	15949/15950 डिब्रूगढ़ - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
18	16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
19	16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
20	19623/19624 मदार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
21	19725/19726 खातीपुरा - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
22	20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस
23	20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस
24	22361/22362 राजेंद्र नगर (टी) - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
25	22587/22588 सियालदह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस

आंध्र प्रदेश:

वर्तमान में, 08 जोड़ी वंदे भारत सेवाएँ और 12 जोड़ी अमृत भारत सेवाएँ आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। ये सेवाएँ निम्नानुसार हैं:

आंध्र प्रदेश को सेवित कर रही वंदे भारत रेलगाड़ियां:

क्र. सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	20677/20678 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - नरसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20829/20830 दुर्ग - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20833/20834 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
7	20841/20842 भुवनेश्वर - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
8	22231/22232 कलबुरगि - एसएमवीटी बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

आंध्र प्रदेश को सेवित कर रही अमृत भारत रेलगाड़ियां:

क्र. सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	13433/13434 एसएमवीटी बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
2	15673/15674 चर्लपल्ली - कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस
3	16107/16108 तांबरम - सांतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस
4	16357/16358 नागरकोविल - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
5	16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
6	16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
7	16619/16620 पोदनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस
8	17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल (कोच्चुवेली)
9	17065/17066 चर्लपल्ली - शालीमार अमृत भारत एक्सप्रेस
10	19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस
11	20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस
12	20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुच्चिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस

मध्य प्रदेश:

वर्तमान में, 05 जोड़ी वंदे भारत सेवाएँ और 07 जोड़ी अमृत भारत सेवाएँ मध्य प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। ये सेवाएँ निम्नानुसार हैं:

मध्य प्रदेश को सेवित कर रही वंदे भारत रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20171/20172 रानी कमलापति - निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20173/20174 रानी कमलापति - रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20911/20912 इंदौर जंक्शन - नागपुर जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22469/22470 खजुराहो - हज़रत निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
5	26505/26506 खजुराहो - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस

मध्य प्रदेश को सेवित कर रही अमृत भारत रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	11015/11016 मुंबई एलटीटी - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
2	11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
3	11431/11432 पुणे - दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस
4	15293/15294 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
5	16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
6	22111/22112 मुंबई एलटीटी - अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस
7	22589/22590 बनारस - हड़पसर (पुणे) अमृत भारत एक्सप्रेस

उत्तर प्रदेश:

वर्तमान में, 16 जोड़ी वंदे भारत सेवाएँ और 23 जोड़ी अमृत भारत सेवाएँ उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। ये सेवाएँ निम्नानुसार हैं:

उत्तर प्रदेश को सेवित कर रही वंदे भारत रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	20171/20172 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20175/20176 बनारस-आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20887/20888 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22345/22346 पटना-गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस
5	22415/22416 वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
6	22425/22426 अयोध्या कैंट-आनंद विहार (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22435/22436 वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस

8	22457/22458 आनंद विहार (टी)-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22469/22470 खजुराहो-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22489/22490 वाराणसी-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
11	22499/22500 देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
12	22545/22546 लखनऊ जंक्शन-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस
13	22549/22550 गोरखपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस
14	26501/26502 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
15	26503/26504 सहारनपुर-गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस
16	26505/26506 खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस

उत्तर प्रदेश को सेवित कर रही अमृत भारत रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1.	11015/11016 लोकमान्य तिलक (टी)-सहरसा जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस
2.	11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
3.	11431/11432 पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस
4.	13065/13066 हावड़ा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
5.	13435/13436 मालदा टाउन-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6.	13697/13698 गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
7.	14047/14048 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8.	14627/14628 सहरसा-छेहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस
9.	14663/14664 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर अमृत भारत एक्सप्रेस
10.	15133/15134 छपरा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
11.	15293/15294 मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
12.	15557/15558 दरभंगा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
13.	15561/15562 दरभंगा-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
14.	15567/15568 बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
15.	15671/15672 कामाख्या-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस
16.	15949/15950 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
17.	16601/16602 इरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
18.	19623/19624 मदार-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
19.	19725/19726 खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
20.	22111/22112 लोकमान्य तिलक (टी)-अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस
21.	22361/22362 राजेन्द्र नगर (टी)-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
22.	22587/22588 सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस
23.	22589/22590 बनारस-हड़पसर अमृत भारत एक्सप्रेस

इसके अलावा, विभिन्न मार्गों/खंडों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वंदे भारत सेवाएँ, अमृत भारत सेवाएँ और उनके प्रकार की रेलगाड़ियों सहित नई रेलगाड़ी सेवाएँ शुरू करना एक सतत प्रक्रिया है, जो निम्नलिखित सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता

इसके अलावा, भारतीय रेल पर राजस्व सृजन का रख-रखाव रेलगाड़ी-वार नहीं रखा जाता है।

वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस की अधिभोगिता

वर्ष 2025-2026 एवं 2026-2027 (जून, 2026 तक) के दौरान, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के स्टेशनों तक जाने वाली सभी वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की समग्र अधिभोगिता क्रमशः 99.78% एवं 112.11% है।

अनुरक्षण डिपो और पिट-लाइन

अनुरक्षण डिपो/पिट-लाइनों आदि, सुविधाओं को परिचालनिक और अनुरक्षण की आवश्यकता के अनुसार नियोजित और निष्पादित किया जाता है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर अनुरक्षण डिपो/पिट- लाइनों आदि का आधुनिकीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों को आवश्यकतानुसार, परस्पर प्राथमिकता के अध्यधीन और निधि की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।

सुरक्षा और संरक्षा

पत्थरबाजी के अपराधियों के विरुद्ध कानून के संगत प्रावधान के तहत कानूनी कार्रवाई की जाती है। यात्रियों के जीवन की रक्षा और रेलवे संपत्ति को नुकसान से बचाने के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित निवारक उपाय किए जाते हैं:

I. **प्रभावित क्षेत्रों/ब्लैक स्पॉटस स्थानों पर शराबी, शरारती तत्वों आदि जैसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाए जाते हैं और पकड़े गए व्यक्तियों पर कानूनी प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाया जाता है।**
II. **गाड़ी एस्कॉर्टिंग पार्टियों को अतिसंवेदनशील क्षेत्रों/स्थानों, जहां रेलगाड़ियों की तोड़फोड़ की घटनाएं अक्सर सामने आती है, में अधिक सतर्क रहने के लिए संवेदनशील किया गया है।**

III. पत्थरबाजी के खतरे और इसके परिणामों के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए रेलपथ से सटे आबादी वाले क्षेत्रों में 'ऑपरेशन साथी' सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

IV. चलती गाड़ियों पर पथराव की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इन घटनाओं के विश्लेषण के बाद इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्रवाई की जाती है।

V. रेलगाड़ियों पर पत्थरबाजी के खतरे को नियंत्रित करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने हेतु रेल सुरक्षा बल द्वारा राजकीय रेल पुलिस/स्थानीय पुलिस के साथ नियमित समन्वय किया जाता है।

VI. रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की नियमित निगरानी और समीक्षा के लिए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए संबंधित पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों हेतु, रेलवे की राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति (एसएलएससीआर) का गठन किया गया है।

भारतीय रेल में गाड़ी परिचालन की संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। महत्वपूर्ण संरक्षा उपाय के रूप में, उन मार्गों जहां गाड़ी परिचालन की अनुमत गति 110 कि.मी. प्रति घंटे से अधिक है, के साथ-साथ अन्य सुभेद्य स्थानों पर संरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान किया गया है ताकि अनधिकृत प्रवेश को रोका जा सके और सुरक्षित गाड़ी परिचालन सुनिश्चित किया जा सके। मवेशियों, पैदल चलने वाले लोगों और छोटे वाहनों द्वारा रेल संरेखण को पार करने की सुविधा प्रदान करने के लिए पैदल यात्री सबवे में भी संरक्षा बाड़ लगाई जा रही है।

अब तक, भारतीय रेल में रेलपथ के आस-पास लगभग 19,700 कि.मी. में बाड़ लगाई गई हैं, जिसमें बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थित खंड भी शामिल हैं।

******